तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 भजपुरी के जंगल में अतिक्रमण की नीयत ...



14 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया...



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनने कल से होगी दावेदारी और रायशुमारी की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया सरोकार और किसानों की सरकार होने के 5 साल के बावजूद सत्ता से दूर होने के बाद कांग्रेस में जहां संगठनात्मक एकता नजर आनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस कई धड़ों में बंटी नजर आ रही है। ऊपर से संगठन चुनाव ने एक बार फिर इन खेमों के बीच जंग छेड़ दी है। दावेदार अपनों को अपनी तरफ बोलने के प्रयास में जुटे हुए हैं। अब ऐसे में संगठन में सर्वमान्य नेता या काबिल का चुनाव नही होता तो मजबूत विपक्ष के तौर पर दूसरी या तीसरी पंक्ति के दलों का कांग्रेस से आगे निकल जाना कोई अतिश्योक्ति नही होगी।

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष के दावेदार अपनों को अपनी तरफ बोलने के प्रयास में जुटे

## कांग्रेस को जल्द मिलेगा नया जिलाध्यक्ष, दावेदारों में जिलाध्यक्ष बनने मची होड़

### दावेदारी से रोकने नियम विरुध्द निष्कासन

जिलाध्यक्ष के चुनावों की घोषणा होने के साथ हाल ही में सामने आया घटनाक्रम लोगों को चौंकाने वाला रहा। खल्लारी क्षेत्र के एक सक्रिय जिलाध्यक्ष पद के दावेदार को बिना नोटिस और जवाब-तलब किए बगैर केवल जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी से रोकने के लिए नियम विरुध्द निष्कासन का प्रपंच रचा गया। इसकी जांच प्रदेश स्तरीय एक कमेटी द्वारा की जा रही है। साजिश में वे कांग्रेसी शामिल हैं जिसके भाजपाई रिश्तेदार के कथित भ्रष्टाचार खिलाफ उक्त दावेदार ने मोर्चा खोल दिया था। वहीं इसी क्षेत्र से एक डमी को जिलाध्यक्ष बनाने की भी कोशिश भरपूर की जा रही है।



### इन दावेदारों के नाम अब तक सामने

दावेदारों में पूर्व प्रभारी संगठन मंत्री अमरजीत चावला, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे आलोक चंद्राकर सहित कई अन्य और दावेदारों के सामने आने की संभावना है।

### यह होगी प्रक्रिया

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष चयन की कवायद शुरू होने के साथ ही 3 पेज के निर्धारित आवेदन पत्र के जरिए दावेदारी पेश किए जाने की तैयारी शुरु हो गई है। जिलाध्यक्ष चयन पर एआईसीसी की सीधी नजर रहेगी। इस बार अपने बनाये बॉयोडाटा के जरिए दावेदारों को दावेदारी नही करनी है। आपराधिक और निष्कासन का रिकार्ड मांगे जाने से कुछ दावेदारों की मुश्किलें जरूर बढ़ गई है।

### कल से शुरू होगी दावेदारी

मंडावा (राजस्थान) की विधायक बतौर पर्यवेक्षक रीटा चौधरी 8 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगी। वे दूसरे दिन 9 अक्टूबर को वे कांग्रेस भवन में दावेदारों की नब्ज टटोलेंगी तथा संगठन पदाधिकारियों के साथ रायशुमारी करेंगी। इसी तरह वे 14 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न हिस्सों में दौरे पर रहते हुए दावेदारों के बारे में फीडबैक एकत्र करेंगी। उनके साथ पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व विधायक रूद्र गुरू और पूर्व विधायक रायपुर विकास उपाध्याय बतौर सहयोगी मौजूद रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### बस आगे बढ़ा दी, गिरने से हुई यात्री की मौत

**महासमुंद।** चालक द्वारा बस को लापरवाही पूर्वक तेज गति से आगे बढ़ाने के चलते वाहन से उतर रहे एक यात्री की गिरने से मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी डमरूधर सिदार ने बताया कि 6 अक्टूबर को सुबह करीबन 80 बजे उसका बड़ा भाई निर्मल सिंह सिदार अपने साले संतोष सिदार का इलाज करवाने रायपुर गया था, अपने साले को अस्पताल में भर्ती करवाकर शाम को समलेश्वरी बस क्र सीजी13 एबी 5268 से वापस अपने घर आ रहा था। रात्रि करीबन 8 बजे एनएच 53 रोड में बस भंवरपुर मोड़ के पास पहुंची, जहां पर निर्मल सिंह सिदार बस से उतर रहा था, तभी बस चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अचानक तेज गति से आगे बढ़ा दिया, जिससे निर्मल सिंह सिदार लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गया और गिरने से उसके सिर, चेहरे व हाथ में चोट लगी। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई है । मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला क्लर्क के घर से 25 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** नगर के वार्ड 3 में रहने वाली एक महिला के घर से 25 हजार रुपए के सामानों की चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड नं 03 ईमलीभाठा निवासी व शिक्षा विभाग में सहायक ग्रेड-02 किरण पटेल ने बताया कि वह अपने मायके कोरबा गई थी, और घर की साफ सफाई के लिए राखी मानिकपुरी को रखी है, जो प्रतिदिन साफ-सफाई करने घर आती है। 5 अक्टूबर की सुबह 11 बजे जब राखी मानिकपुरी घर काम करने आयी, तब उसने देखा कि घर के मेन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन उस गेट का अंदर से सिटकनी बंद था, जिसे वह किसी तरह खोलकर घर के अंदर गई और घर अंदर जाकर देखी तो सामान बिखरा हुआ था, दरवाजा टूटा हुआ था। जिसकी सूचना उसने प्रार्थिया को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वह 9.30 बजे पहुंची और सामान चेक किया। सामान चेक करने पर घर में रखा हुआ 1 नग लैपटॉप एचपी कंपनी और 4 जोड़ी चांदी का पायल, गुल्लक में रखा हुआ लगभग 1500 रुपए, 1 नग ट्राली बैग, 4 नग पर्स में रखा हुआ दस्तावेज कुल कीमत 25000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। प्रार्थिया न बताया कि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर उसमें चोरी करने वाले व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कार की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से बुलेट में सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हरपाल सिंह चावला निवासी वार्ड नंबर 21 क्लबपारा ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात लगभग 8:45 बजे वह अपने बेटे सेतज चावला के साथ बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमटी 6636 से खरोरा की ओर से महासमुंद आ रहे थे, जैसे ही खालसा ढाबा के सामने पहुंचे थे, तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 06 एचई 8881 के चालक दीपक ठाकुर ने कार को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये सामने से बुलेट को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, वे दोनों बुलेट सहित नीचे गिर गये। इससे चोटें आई है।

## हमला : बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम बिडोरा गांव की घटना

# भालू और शावकों के हमले से दो ग्रामीण घायल, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कोमाखान के बिडोरा गांव में भालुओं के हमले में दो ग्रामीण घायल हो गए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

- घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज भेजा गया

जानकारी के अनुसार, बिडोरा के रहवासी दानबाई ठाकुर (60 वर्ष), छबिलाल साहू (49 वर्ष) खेत एवं कचरा फेंकने गए थे। इसी दौरान दो भालुओं और उनके दो शावकों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों को सिर, हाथ और कमर में चोटें आई हैं। घायलों को पहले बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए महासमुंद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है और ग्रामीणों को जंगल में जाने से पहले सतर्कता बरतने की अपील की गई है।



### तालाब किनारे कचरा फेंकने गईं महिला पर पहला हमला

घटना मंगलवार सुबह करीब 7 बजे की है, जब 60 वर्षीय दान बाई ठाकुर गांव के तालाब किनारे कचरा फेंकने गई थीं। तभी घात लगाए बैठे एक भालू ने उन पर हमला कर दिया। दान बाई पर हुए इस अचानक हमले से वह संभल नहीं पाईं और भालू ने उनके सिर और कमर में गंभीर चोटें पहुंचाईं। उनके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर जब तक ग्रामीण मदद के लिए दौड़ते, भालू वहां से भाग गया।

### खेत जा रहे दूसरे ग्रामीण को भी बनाया निशाना

पहला हमला करने के बाद भालू ने उसी दौरान अपने खेत की ओर जा रहे 55 वर्षीय छबिलाल साहू पर भी हमला कर दिया। भालू ने छबिलाल साहू को बुरी तरह जख्मी कर दिया और उनके कूल्हे में गंभीर चोटें आईं। भालू के इस हमले से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल व्यक्तियों को तुरंत बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया है।

# खरीफ सीजन के लिए किसानों को मिला 413 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



खरीफ सीजन के लिए जिले के 82,055 किसानों को 413 करोड़ 14 लाख से अधिक का ऋण वितरित किया गया है। यह राशि किसानों को बुवाई के लिए आवश्यक सामग्री जैसे बीज, खाद और कृषि ऋण प्राप्त करने में सहायक रही है, जिससे खरीफ सीज़न की सफलता सुनिश्चित हुई। वितरण के साथ ही, सरकार ने अब इस आवंटित राशि या सहायता की वसूली के लिए लिंकिंग प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है।

इधर, जिले में एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के डिजिटल पंजीयन का कार्य तेज़ी से चल रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनिवार्य इस फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर अब तक जिले के 1,44,814 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। हालांकि, अभी भी 8,467 किसानों का पंजीयन शेष है, जिसके लिए 31 अक्टूबर तक की तिथी तय की गई है। बता दें कि बिना पंजीयन के किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर अपनी उपज नहीं बेच पाएंगे।

### डेटा अपडेट का काम भी ज़ोरों पर

पंजीकरण के साथ-साथ डेटा अपडेट का कार्य भी गतिमान है। जिले में 1,20,000 किसानों की जानकारी को सफलतापूर्वक आगे 'कैरी फॉर्वर्ड' कर दिया गया है। हालांकि, अभी भी 42,000 किसानों के डेटा अपडेट का काम बाकी है।

### पंजीकरण की स्थिति और लक्ष्य

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 1,44,814 किसानों ने पहले ही अपनी डिजिटल पहचान डिजीटल आईडी बना ली है। यह बताता है कि अधिकांश किसान इस डिजिटल पहल के महत्व को समझ रहे हैं। बचे हुए 8,467 किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक पूरा करना है, जिसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# किसान सम्मान निधि, दो वर्षों से लंबित राशि के लिए किसान ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली सम्मान राशि पिछले दो वर्षों से प्राप्त न होने के कारण एक किसान ने अधिकारियों से गुहार लगाई है। किसान ने अपनी लंबित राशि के भुगतान के लिए लिखित निवेदन किया है। राम आसरा, ग्राम तमोरा, विकासखंड बागबाहरा, के मूल निवासी और कृषक हैं। उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्हें विगत दो वर्षों से किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिली है। उनकी कृषि भूमि तमोरा में है, जिसका रकबा 0.32 हेक्टेयर है और इसकी गुरुत्व पट्टा पुस्तिका पी 1551584 है। उन्होंने अपने बैंक और पहचान विवरण भी प्रदान किए हैं, जिनमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, शाखा महासमुंद में खाता और आधार शामिल है। किसान ने निवेदन किया है कि उनकी लंबित किसान सम्मान राशि को जल्द से जल्द प्रदान करने के आदेश दिए जाएं, ताकि उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। किसान का यह मामला दर्शाता है कि देश के कई हिस्सों में पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों को अभी भी भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। अधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस मामले का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें।

# ट्रक से मवेशियों की तस्करी करते 5 गिरफ्तार 35 मवेशियों को ले जा रहे थे कत्लखाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बसना थाना क्षेत्र के पलसापाली बैरियर के पास ट्रक से मवेशियों की तस्करी कर रहे 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 6 अक्टूबर को मुखबीर की सुचना पर ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 9486 से पशुओं को क्रूरतापूर्वक भरकर कत्ल करने के प्रयोजन से ओडिशा की ओर ले जा रहे 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी रंगलाल ऊर्फ रामलाल मीणा पिता स्व. किशन मीणा (60 वर्ष) निवासी देसमा थाना मालपुरा जिला टोंक (राजस्थान), विनोद भागवत बंदे पिता स्व. भागवत बंदे (23 साल) निवासी नीमखेडा थाना अरोली जिला नागपुर (महाराष्ट्र), लखन रात्रे पिता कार्तिक रात्रे (29 साल) निवासी नीमखेडा थाना अरोली जिला नागपुर (महाराष्ट्र), सचिन चंद्रशेखर गजभिये पिता स्व. चंद्रशेखर गजभिये (30 साल) निवासी एच.बी. टाऊन भंडारा रोड चंद्रनगर थाना कलमना जिला नागपुर (महाराष्ट्र) और जितेंद्र भावराव धरडे पिता स्व. भावराव धरडे (32 साल) निवासी भण्डारा थाना पालांदूर जिला भंडारा (महाराष्ट्र) ट्रक से 35 बछड़ों को ओडिशा ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई है।



### 35 नग बछडा एवं प्रयुक्त वाहन जब्त

आरोपियों के कब्जे से कुल 35 नग बछडा जुमला कीमती करीबन 5,25,000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त ट्रक कीमती 22 लाख रुपए, 4 नग एंड्रायड मोबाईल कीमती 18 हजार रुपए, नगदी रकम 5 हजार रुपए कुल 27,48,000 जब्त किया गया।

## ग्राम अछोली के ग्रामीण ने की सीलिंग की मांग

# सरकारी जमीन पर पॉलिश फैक्ट्री का अवैध निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोली में सरकारी खसरा नंबर 308 पर अवैध रूप से लगभग दो एकड़ जमीन पर एक पॉलिश फैक्ट्री के निर्माण का मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी कामता साहू ने शिकायत कर फैक्ट्री और उसकी संपत्ति को सील करने और जमीन खाली कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता कामता साहू ने जनदर्शन में कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने पूर्व में भी मुख्यमंत्री को आवेदन दिया था, जिसके आधार पर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। हालांकि, उनका आरोप है कि अभी तक कोई ठोस जांच नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ये सभी कृत्य न सिर्फ कानूनी अपराध की श्रेणी में आते हैं, बल्कि यह शासन से धोखाधड़ी का भी स्पष्ट मामला है। कामता साहू ने ज़िला प्रशासन और संबंधित अधिकारी से निवेदन किया है कि उक्त प्रकरण में शीघ्रता से जांच की जाए, पॉलिश फैक्ट्री को तत्काल सील किया जाए, सारी संपत्ति ज़ब्त की जाए, और सरकारी जमीन से अवैध कब्ज़ा पूरी तरह हटाए जाने की मांग की है।

### धोखाधड़ी और अवैध कब्जे के गंभीर आरोप

फैक्ट्री का निर्माण खसरा नंबर 308 पर है, जो कि सरकारी जमीन है और इस पर अवैध कब्ज़ा किया गया है। लेकिन, फैक्ट्री मालिक ने विद्युत कनेक्शन के लिए खसरा नंबर 307/2 का उपयोग किया, जो उसकी अपनी जमीन है। आरोप है कि निजी जमीन खसरा नंबर 307/2 के नाम पर लोन लिया गया और लोन की राशि से सरकारी जमीन खसरा नंबर 308 पर फैक्ट्री का निर्माण किया गया, जो शासन के साथ धोखाधड़ी है।

### अवैध बोर और विद्युत कनेक्शन

शासकीय जमीन पर बोर खनन किया गया है। साथ ही, अपनी निजी जमीन का कागज़ात जमा कराकर विद्युत मंडल से बिजली कनेक्शन लिया गया है, जिसमें 3 एच.पी. की मोटर लगी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, पंचायत द्वारा भी धोखे से फैक्ट्री निर्माण और विद्युत हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र एन.ओ.सी. प्राप्त किया गया, जो पूरी तरह से गलत है।



### शिक्षक की मांग को लेकर भावा के प्राथमिक शाला में ग्रामीणों ने लगाया ताला

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक के ग्राम भावा में ग्रामीणों ने शिक्षक की मांग को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला भावा में तालाबंदी कर दी। ग्रामीण स्कूल परिसर में बैठकर आंदोलन पर डटे हुए थे। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में विद्यालय में केवल प्रधान पाठिका वासना साहू ही शिक्षण कार्य संभाल रही हैं। जबकि, सहायक शिक्षिका कुमारी ललिता ढालेन 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक अवैतनिक अवकाश पर हैं। इसके चलते एकमात्र शिक्षक द्वारा पांच कक्षाओं का संचालन करना कठिन हो गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप



### एसएसपी की बैंक के लीगल अफसरों संग बैठक

**रायपुर।** ऑनलाइन ठगी सहित ऑनलाइन जालसाजी रोकने आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एसएसपी लाल उमेद सिंह ने सभी बैंकों के लीगल हेड अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में शामिल अधिकारियों को बताया गया कि ठगी के शिकार लोगों को किसी अन्य बैंक में भेजने के बजाय उनकी शिकायत 1930 में कराकर रकम होल्ड कराएं। साथ ही ऑनलाइन जालसाजी रोकने कॉर्पोरेट अकाउंट खोलने में सावधानी बरतने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने बैंक के लीगल अफसरों से कहा गया।

### कार चोरी के आरोप में दो नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कार चोरी करने के आरोप में दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है। शंकरनगर निवासी दीप कुमार ग्वाइन ने कार चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। नाबालिगों ने 4 अक्टूबर को दीप कुमार के घर से कार की चाबी चोरी कर कार ले गए थे। कार चोरी करने के बाद नाबालिग महासमुंद की ओर चले गए। तुमगांव के पास कार एक्सीडेंट में दोनों नाबालिग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया था।

### टैंकर की चपेट में आने से युवती की मौत

**रायपुर।** राखी थाना क्षेत्र में टैंकर की चपेट में आने से एक दोपहिया वाहन सवार युवती की मौत हो गई। युवती मूल रूप से दुर्ग की रहने वाली है, वह नवा रायपुर में एक ड्राइविंग सीखने आई हुई थी। पुलिस के अनुसार टैंकर सीजी-26, जे-7077 की चपेट में आने से लीना देवांगन की मौत हो गई। लीना 4 अक्टूबर को ड्राइविंग सीखने तेंदुआ स्थित ड्राइविंग स्कूल गई हुई थी। वापस लौटने के दौरान तेंदुआ चौक के पास विपरीत दिशा से लापरवाही से टैंकर चालक ने वाहन चलाते हुए युवती की दोपहिया को ठोकर मार दी। युवती के सिर तथा शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रोड पार कर रही युवती की क्रेन से कुचलकर मौत

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में पैदल रोड पार कर रही एक युवती की क्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह साढ़े नौ बजे कमला प्रदीप मोगरे उरकुरा तिराहा से रोड क्रॉस कर रही थी। इस दौरान उरकुरा रेलवे फाटक से हाइवा क्रेन सीजी-04, क्यूएल-4197 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार क्रेन चलाते हुए युवती को कुचल दिया। क्रेन की चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

### तीन बदमाशों ने पता पूछने के बहाने होटल कारोबारी से की लूट

**रायपुर।** उरला थाने में एक होटल कारोबारी ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पता पूछने के बहाने तीन हजार रुपए नकदी, मोबाइल, एटीएम लूट कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों ने होटल कारोबारी पर चाकू से हमला कर लूट की है। घटना रविवार रात सिंघानिया चौक के आगे शराब भट्ठी रोड में हुई है। जनक यादव (23) ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। जनक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को सिंघानिया चौक स्थित उसके होटल में बाइक सवार तीन लड़के आए। होटल बंद करने के दौरान लड़कों ने उससे सिगरेट खरीदी। लड़कों के जाने के बाद जनक होटल बंद कर घर जाने लगा। इस दौरान रास्ते में तीनों लड़कों ने जनक का रास्ता रोक एक युवक के नाम पूछते हुए उसके बारे में जानकारी मांगी। जानकारी नहीं होने की बात कहने पर बाइक सवार लड़कों ने जनक के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर एक युवक पीछे से जनक के कंधे पर चाकू से वार किया।

# कलेक्टर ने निजी नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के संचालन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला समुचित प्राधिकारी

- **निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सकों की समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला**



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिले के समस्त निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी केंद्रों में सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सकों का समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने विकासखंडवार निजी नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट व पीसी-पीएनडीटी) के माध्यम से समस्त नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों के वैध लाइसेंस, नवीनीकरण, फॉर्म एफ एंट्री तथा निरीक्षण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने समस्त केंद्रों से कानूनी अनुपालन जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्राधिकार, अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र, फायर ऑडिट आदि का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान के लिए नियमानुसार सामान्य जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार सुविधा केंद्र रायपुर से अनुबंध या डीप पीट व शार्प पीट के माध्यम से करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने समस्त निजी नर्सिंग होम संचालकों को उनके संस्था में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निजी नर्सिंग होम संचालकों से किसी क्षेत्र विशेष में नशीली दवाओं के सेवन संबंधी केस तथा क्षेत्र विशेष में किसी विशेष प्रकार के रोग की अधिकता पाए जाने पर जिला प्रशासन को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव द्वारा समस्त निजी नर्सिंग होम संचालकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि के शंकास्पद मरीज आने पर संबंधित विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्धारित मासिक प्रारूप में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत स्त्री रोग विशेषज्ञां एव रेडियोलॉजिस्ट से प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच में स्वेच्छापूर्ण तरीके से भागीदारी के लिए अपील की गई। साथ ही शासन के निर्देशानुसार बच्चों में कफ सिरप एवं कोल्ड मेडिकेशन का औचित्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट व पीसी-पीएनडीटी एक्ट), नीलू धृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त निजी नर्सिंग होम संचालक एवं सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सक मौजूद थे।



### धान फसल में बढ़ते भूरा माहो कीट प्रकोप से किसान परेशान

**नर्रा।** बारिश और मौसम की उतार-चढ़ाव के चलते फसलों में कीट प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज बारिश के कारण पानी में खड़ी धान फसल डूब गए। वहीं छोटे किस्म धान में भूरा माहो कीट लग गया है। किसानों ने बताया कि बड़े किस्म का सरना धान को भूरा माहो, ब्लास्ट, माइंस, तनाछेदक कीटों जैसे बीमारी फसल को बर्बाद कर रहे है। दो से तीन बार कीटनाशक के छिड़काव के बाद भी राहत नहीं मिली। किसानों का कहना है कि इस रोग ने खेती की लागत राशि बढ़ा दी, इससे किसान परेशान है। नर्रा के किसान नैनसिंह यादव का कहना है कि सरना धान, जिसमें अभी बाली नही निकली है, पर मौसम की नमी के कारण भूरा माहो का प्रकोप है। दो से तीन बार दवाई का छिड़काव करने के बाद भी कीट नहीं मर रहे हैं। अभी तक पांच हजार रुपए की दवाई का छिड़काव कर चुका हूं। इसी तरह नर्रा के किसान प्रभु राम पटेल का कहना है कि अर्ली वैरायटी एक एकड़ पके धान में भूरा माहो कीट लगने से फसल चौपट हो गया है। दो बार कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर चुका है। अभी भी जारी है। खड़ी धान फसलों में लगातार कीट प्रकोप के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

**बारिश का कहर : बारनवापारा वनांचल में भारी वर्षा का व्यापक असर**

# फसल, मकान व सड़कों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश ने

- **जनहानि की कोई सूचना नहीं पर किसानों को भारी नुकसान की जताई आशंका**



पूरे क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित कर दिया। नदियां और नाले कई दिनों तक उफान पर रहे, जिससे आसपास के जलाशयों के जलस्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कई बांधों के गेट भी खोलने पड़े। इस दौरान जहां कुछ स्थानों से जानमाल की हानि की खबरें आईं, वहीं बारनवापारा वनांचल क्षेत्र में जनहानि न होना राहत की बात रही। हालांकि, यहां की ग्रामीण संपत्तियों और कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम पाड़ादाह के समीप बालमदेही नदी पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया है। इसके अलावा कई ग्रामीणों के कच्चे मकान भी वर्षा की मार से ढह गए हैं।

क्षेत्र के किसानों के लिए यह वर्षा चिंता का विषय बन गई है। खेतों में खड़ी धान की फसलें पानी में गिरकर नष्ट हो गईं, जिससे बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान की संभावना है। विशेषकर वे किसान अधिक प्रभावित हुए हैं।

#### धान फसल को भारी क्षति

ग्राम दोंद के कृषक सेतराम ठाकुर की लगभग 4 एकड़ धान फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इसके अलावा फिरत राम ओटी (1 एकड़), उपेंद्र कुमार (1 एकड़) तथा राजेंद्र कुमार ओटी (2 एकड़) की फसलें भी भारी क्षति का सामना कर रही हैं। इन किसानों की स्थिति क्षेत्र में व्याप्त नुकसान की एक झलक भर है। इसके साथ ही ग्राम बार के सरोज कुमार ध्रुव समेत कई ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

#### आपदा राशि देने की मांग

क्षेत्र में हुए इस नुकसान का सही आकलन केवल प्रशासनिक सर्वेक्षण के बाद ही संभव होगा। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों, मकान मालिकों और ग्रामीणों को शीघ्र आपदा राहत राशि प्रदान की जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और पुलियों के मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जनजीवन जल्द सामान्य हो सके।

## शरद पूर्णिमा पर अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैताल और भदरसी में आयोजित शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक यादव ने ग्रामवासियों को शरद पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

शरद पूर्णिमा पर ग्राम रैताल और ग्राम भदरसी में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। आयोजित कार्यक्रम में विधायक यादव के पहुंचने पर ग्रामवासियों ने आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभांरभ किया। अपने संबोधन में विधायक यादव ने शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के कार्यक्रम का होना बड़ी खुशी की बात है। इससे ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को अपने प्रतिभा प्रदर्शन का बढ़िया प्लेटफार्म मिलता है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के कार्यक्रम करने से जो प्रतिभावान है उन लोगों के लिए अपनी प्रतिभा दिखने लिए बहुत ही बढ़िया माध्यम है।

इस दौरान विधायक यादव ने ग्राम विकास को लेकर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम रैताल में रामनाथ ध्रुव, सत्येंद्र, प्रमोद चंद्राकर, सुरेश पटेल, रोशन साहू, रामेश्वर ध्रुव, भागीरथी, गोपीचंद साहू, भारत पटेल, पीतांबर ध्रुव, भेखलाल बघेल तथा भदरसी में प्रमुख रूप से जनपद उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, दीपक नाग, राजू चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, जकसू यादव, पवन चंद्राकर, लालसिंह ठाकुर, पंचराम ध्रुव, चमन ध्रुव, देवसिंह ध्रुव, पंचराम ध्रुव, कमलनारायण चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, तुलाराम मिर्धा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में पिथौरा के स्कूलों के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का आयोजन 02 अक्टूबर से शुरू हुआ, जिसके तहत 07 अक्टूबर 2025 को वन परिक्षेत्र पिथौरा में स्कूलीनुमा छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, निबंध एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल गोडबहाल, बुनियादी शाला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और शासकीय उच्च माध्यमिक कन्या शाला पिथौरा के कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के लगभग 145 बच्चों ने भाग लिया।

प्रतियोगिताओं के चित्रकला प्रतियोगिता बुनियादी शाला के सानिया निर्मलकर (कक्षा 4) प्रथम, खुशी निर्मलकर द्वितीय, मंनद डड़सेना तृतीय। चित्रकला प्रतियोगिता कस्तूरबा गांधी विद्यालय से नीता भोई (कक्षा 8) प्रथम, साधना बरिहा द्वितीय, गायत्री पोर्ते तृतीय। निबंध प्रतियोगिता शासकीय हाई स्कूल गोडबहाल के डिम्पल बघेल (कक्षा 9) प्रथम, एश्वर्या पटेल (कक्षा 10) – तृतीय। निबंध प्रतियोगिता में शासकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पिथौरा के दिव्यांशी डड़सेना (कक्षा 10) द्वितीय। निबंध प्रतियोगिता हायर सेकंडरी स्कूल गोडबहाल के यामिनी सिन्हा (कक्षा 12) प्रथम, नोमिका पटेल द्वितीय। क्वीज प्रतियोगिता प्रायमरी में खुशी निर्मलकर प्रथम, कोशिका यादव द्वितीय, मधुरिमा वर्मा तृतीय। क्वीज प्रतियोगिता मिडिल स्कूल में नीता भोई प्रथम, गायत्री पोर्ते द्वितीय, श्रुति नाग तृतीय। क्वीज प्रतियोगिता हाई स्कूल/हायर सेकंडरी में वंदना वर्मा प्रथम, मीरा साहू द्वितीय, दिव्या धृतलहरे तृतीय रहे।

कार्यक्रम में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा, सालिकराम डड़सेना ने मेमोरेंडम और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर ननकूसिया साहू, पूर्व वृत्त ललित पटेल, विरेन्द्र बंजारे, कनक तिवारी, कुलेश्वर डड़सेना, दीपिका रात्रे, बीएफओ तथा शिक्षक गण चैतराम चौधरी, देववती ध्रुव, किरण मिर्धा, रमा प्रजापति, मोनिशा तिवारी और चतुर्भुज राणा सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय कुमार सिन्हा, शिक्षक शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पिथौरा द्वारा किया गया। इस प्रकार, वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं ने बच्चों में रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गोष्ठी में छलकती रही शरद काव्य की फुहार

## शरद पूर्णिमा पर आस्था की हुई काव्य गोष्ठी, आयोजन में जुटे साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शरद पूर्णिमा पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा साहित्यकार डॉ. साधना कसार के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक की अध्यक्षता एवं आशा मानव के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

साहित्यकार सरिता तिवारी ने कहा कि आज मेरी आवाज परेशान कर जाती है, कल मेरी खामोशी सताएगी। अध्यक्षीय आसंदी से काव्य कलश छलकाते हुए साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि रोटी ने नहीं पूछी, किसी भूखे की जात, व्यसन नहीं की कभी मजहब की बात। बढ़ती उम्र में भी साहित्य साधना में रत आशा मानव ने कहा कि चांद एक रुप है, रुप का प्रतीक है, पूर्ण मद का चंद्र है इंदू, चांद दृश्य रुप है ईश के स्वरुप का। साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि आसमान में चांद चमकता चांदनियां भर आती है। उनसे लेकर कुम्भ, कुम्भ फिर शरद सुधा बरसाती है। बचपन की स्मृतियां व मां के दुलार पर शब्द चित्रित करते हुए डॉ. साधना कसार ने कहा कि कभी डांटना कभी समझाना मुझे बनाना मुझे संवारना क्या जीवन क्या जीवन भर भूल सकूंगी। पत्रकार उत्तरा विदानी चांद को रेखांकित करते हुए कहा कि आज महज तालियों के लिए कोई गीत नहीं गाऊंगी चंद्रमा, सुनना चाहेंगे तो झोपड़ी के विरुद्घ व्यथा सुनाऊंगी चंद्रमा। शरद काव्य गोष्ठी में साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने चमक बिखेरते हुए शरद के आगमन पर ग्रामीण परिवेश का चित्रण करते हुए कहा कि गोबर लिपा मेरा शरद का आंगन शरद के आंगन में प्रिया की रंगोली, प्रिया की रंगोली में दस-दस रंग, दस-दस रंगों में कातिक के फूल, फूलों भरा मेरा शरद का आंगन। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं साहित्यप्रेमी केआर चंद्राकर ने कहा कि आस्था की काव्य फुहार समाज के लिए प्रेरणा बने। संचालन डॉ. साधना कसार व आभार अधिवक्ता भरत सिंह कसार ने किया।

# विधायक ने दिखाई मानवीय संवेदना, सड़क दुर्घटना में घायलों को स्वयं की गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



बिछिया गांव में मंगलवार को देर रात एक बाइक सवार की ठोकर से गांव के ही पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। संयोगवश उसी दौरान गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर खोखसा रवाना हो रही सरायपाली विधायक चातुरी नंद को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्काल अपनी गाड़ी रोककर घायलों की मदद की।

विधायक ने मानवीय पहल दिखाते हुए बिना किसी देरी के दोनों घायलों को अपनी निजी गाड़ी एवं अधिवक्ता के संघ के अध्यक्ष एडवोकेट पुरुषोत्तम पटेल के गाड़ी में बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली पहुंचाया। वहां पहुंचते ही उन्होंने चिकित्सकों को उपचार प्रारंभ करने के निर्देश दिए और घायलों की स्थिति की जानकारी स्वयं ली। ड्यूटी में तैनात डॉक्टर आयुष अग्रवाल ने तत्काल प्राथमिक उपचार किया और घायलों की स्थिति को देखते हुए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर रिफर किया। इस दौरान 108 एवं अन्य सरकारी एंबुलेंस की अन्यत्र होने के कारण मरीजों को विधायक चातुरी नंद की विशेष पहल पर निजी अस्पताल से एंबुलेंस की व्यवस्था कर रायपुर भेजा गया। विधायक चातुरी नंद ने यह सुनिश्चित किया कि घायलों को समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा मिले। विधायक तब तक अस्पताल परिसर में मौजूद रहीं, जब तक दोनों घायल मरीजों को रायपुर के लिए रवाना नहीं कर दिया गया।

मीडिया से बातचीत में विधायक चातुरी नंद ने बताया कि बिछिया में शरद पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर मैं जब खोखसा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो रही थी, तभी मुझे सड़क पर बाइक सवारों की ठोकर से पति पत्नी के घायल होने की जानकारी मिली, मैंने मौके पर गाड़ी रुकवाई और जानकारी ली तब पता चला कि पिछले एक घंटे से दोनों सड़क किनारे ही घायल अवस्था में थे। परंतु, सूचना के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंचा था। मैंने अपनी निजी वाहन और मेरे साथ गए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एडवोकेट पुरुषोत्तम पटेल की गाड़ी से दोनों घायलों को सरायपाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाई।

विधायक नंद ने कहा कि आम जनता के सुख दुख में सहभागी बनने का पूरा प्रयास करती हूं। जनसेवा सिर्फ मंच या भाषणों से नहीं, बल्कि ज़मीन पर किए गए कार्यों से साबित होती है। जब कोई संकट में हो, तो जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वह सबसे पहले इंसान बनकर मदद करें। विधायक के इस मानवीय कदम की स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक चातुरी नंद ने जनप्रतिनिधित्व की सच्ची मिसाल पेश की है। ग्राम बिछिया के दयाराम चौहान ने कहा कि ऐसे संवेदनशील जनप्रतिनिधि ही जनता के सच्चे हितैषी कहलाते हैं। विदित हो कि इससे पूर्व भी भंवरपुर रोड सहित कई सड़क हादसों में घायलों को विधायक चातुरी नंद ने अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाकर मानवता की नई मिशाल पेश की थी।

## खबर संक्षेप

### पेड़ों की अवैध कटाई के विरोध में करेंगे हड़ताल

**रायपुर।** एक तरफ ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है, प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम लगवा रहे हैं, वहीं कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कच्चे में लौह अयस्क खदान में 5000 पेड़ों को बिना अनुमति के ही काटकर गायब किया गया है। यह जानकारी सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे छत्तीसगढ़ के डॉ. आनंद मल्होत्रा और चंद्रमौली मिश्रा ने दी। आरोप लगाया कि एक उद्योगपति द्वारा पांच हजार से ज्यादा पेड़ों को वन विभाग की अनुमति के बिना कटवाने के बाद गायब किया गया है। जांच में इसका खुलासा भी हुआ है। कंपनी मालिक पर अगर दीपावली तक कार्रवाई नहीं की गई, तो त्योहार के बाद स्थानीय लोग फैक्ट्री के सामने ही हड़ताल करेंगे।

### रेलवे स्टेशन में कुलियों की काम बंद हड़ताल, किया विरोध



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड कार, बैटरी चलित वाहन के विरोध में लाइसेंसी कुलियों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को सभी कुलियों ने स्टेशन में काम बंद कर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अब कुली विरोध प्रदर्शन करने पहुंच रहे। उनका कहना है कि जब तक रेलवे टेंडर रद्द नहीं कर देता, प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारी कुलियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार से उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इसे बंद किया जाना चाहिए। अगर प्लेटफार्म पर बैटरी कार चलेगी और कोच तक गाड़ी ही सामान पहुंचा देगी तो यात्री कुली से मदद क्यों लेंगे? रेलवे प्रशासन ने रायपुर के लिए 4, दुर्ग के लिए 3 व भिलाई पॉवर हॉउस और भाटापारा में एक बैटरी कार के लिए टेंडर दिया है। कुलियों का कहना है कि इस फैसला से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा, लेकिन कुली को नुकसान है। इधर पूरे मामले पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की जा रही है।

# यूथ ब्रिगेड के कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किए गए सारथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ घासी घसिया सहिस सारथी

- शैक्षिक एवं व्यवसायिक कार्यशाला सह युवा संगोष्ठी का हुआ आयोजन
- सारथी समाज प्रगतिशील सामाजिक युवा जागरण मंच यूथ ब्रिगेड का हुआ कार्यक्रम

कल्याण समिति के संरक्षण में प्रगतिशील सामाजिक युवा जागरण मंच के तत्वावधान में शैक्षिक एवं व्यवसायिक कार्यशाला सह युवा संगोष्ठी का आयोजन का गत दिवस इडो क्लब व्हीआईपी रोड रायपुर में किया गया। मुख्य अथिति केआर सागर प्रदेश अध्यक्ष समाज कल्याण समिति छग, अध्यक्षता नरेंद्र साहनी सह संयोजक प्रगतिशील सामाजिक युवा जागरण मंच, विशिष्ट अतिथि शिवशंकर साहनी उपपुलिस अधीक्षक, संतोष सागर व्यवसायी, स्पेशल गेस्ट एवं प्रमुख मार्ग दर्शक संजय गजघटे संयुक्त संचालक उद्योग रायपुर छत्तीसगढ़, मिलिंद माटे सीनियर मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, अमित कुमार साहनी वरिष्ठ प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, शिवधन सागर लोन एक्सपर्ट एवं ऑपरेटर, सीआर साहनी



संरक्षक प्रांतीय कमेटी, टीआर कुलदीप प्रांतीय कोषाध्यक्ष, सरोज सोनवानी जी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रायगढ़ रहे। समस्त अतिथियों ने माता करम सेनी दाई और भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात अतिथियों का स्वागत यूथ ब्रिगेड की ओर से किया गया।

उक्त संगोष्ठी में उद्योग, व्यवसाय एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न मार्गदर्शन दिए गए, जिसे सभी ने बड़ी गर्मजोशी के साथ वक्ताओं को सुना समझा एवं करतल ध्वनि से आभार प्रकट किए। सैकड़ों की तादात में उद्योग एवं रोजगार के लिए पंजीयन फॉर्म भरे गए। साथ ही प्रांताध्यक्ष केआर सागर द्वारा इस योजना के लिए टीम गठित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया। साथ ही उद्योग भवन रायपुर से पधारे संयुक्त संचालक से समाज के लोगों के पुश्तैनी व्यवसाय ढोलक, तबला, मांदर आदि संगीत वाद्य यंत्र निर्माण को उद्योग की सूची में जोड़ कर उन्हें भी इस कार्य के लिए अनुदान देने की विशेष चर्चा की। द्वितीय सत्र में सामाजिकजन का परिचय के साथ अविवाहित युवक युवतियों का भी परिचय कराया गया।

अंत में कार्यक्रम के संयोजक शिव साहनी द्वारा तेज कुमार सारथी रायगढ़ को यूथ ब्रिगेड का कार्यकरी अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तवित किया गया, जिसे प्रगतिशील युवा जागरण मंच ने सहर्ष सहमति देकर स्वागत किया। आभार प्रदर्शन संयोजक शिव साहनी एवं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तुलेंद्र सागर एवं फ़िल्म एक्टर किशन सहिस ने किया।

### मांग: डोंगरीपाली के ग्रामीणों ने जनपद घेराव की दी चेतावनी

# भौतिक सत्यापन के बाद अब जांच प्रतिवेदन के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरपाली के ग्रामीणों ने भौतिक सत्यापन में हुए जांच रिपोर्ट न मिलने पर 13 अक्टूबर को जनपद कार्यालय घेराव करने की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि विगत 26 सितंबर को जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने औचक निरीक्षण के दौरान पंचायत में हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान शिकायतकर्ता एमडी सागर ने नंदनवार को बताया कि उन्हें लगातार जांच प्रतिवेदन के लिए अधिकारियों के पास भटकाया जा रहा है और अब तक उन्हें रिपोर्ट नहीं दी गई है।

शिकायतकर्ता एमडी सागर ने बताया कि कुछ दिन पहले ही जांच अधिकारी रामनारायण पटेल, गुलाब प्रसाद सामल, डीएल बरिहा और जसवंत सिंह पैकरा ने पंचायत में भौतिक सत्यापन किया था। इस दौरान भारी अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पंचायत सचिव



द्वारा करीब 60 लाख रुपए के बिल प्रस्तुत किए गए। जबकि, लगभग 2 करोड़ रुपए के बिल का कोई दस्तावेज मौजूद नहीं है। साथ ही, साहू इंटरप्राइजेस को किए गए भुगतानों से संबंधित कोई बिल या वाउचर भी उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारी पूर्व सरपंच और पंचायत सचिव को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और रिपोर्ट उन्हें नहीं दी जा रही है।

ग्राम के पंच सहित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 12 अक्टूबर तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं की गई और एक प्रति शिकायकर्ता एमडी सागर को नहीं दी गई, तो 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद कार्यालय पिथौरा का घेराव किया जाएगा। इस दौरान किसी भी घटना की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस दौरान उपस्थित पंचों में खिरोद पटेल, अमितेष बरिहा, लक्ष्मीलाल यादव, चम्पोलता यादव तथा ग्रामीणों में गंगाधर बरिहा, सोनाराम पटेल, सीताराम साहू, भुनेश्वर मलिक, गजानंद साहू, विनोद यादव, प्रदीप यादव, मनोज यादव, चम्पत यादव, किशोर नायक, रोहित यादव, कुलदीप साहू, गोविंद भोई, वेणुधर पटेल, देवनारायण बरिहा, राजू बरिहा, घनश्याम पटेल, हेमसागर खम्हारी आदि शामिल रहे।

# नपाध्यक्ष ने गृह मंत्री को लिखा पत्र, शहर में नशे के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में अवैध नशे के बढ़ते कारोबार तथा युवाओं में बढ़ती नशावृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए शहर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने सख्त कदम उठाने की मांग की है।

नपाध्यक्ष साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम प्रेषित पत्र में कहा है कि महासमुंद नगर में अवैध नशे एवं जुआ-सट्टा, गांजा, शराब, नशीली टेबलेट, इंजेक्शन आदि का कारोबार कुछ लोगों के संरक्षण में फल फूल रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर इन पर कठोर कार्रवाई करते हुए तड़ीपार जैसे कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वर्षों से इन असामाजिक तत्वों ने महासमुंद जैसे शांतिप्रिय शहर में युवाओं के रगों में जहरीले नशे को बहाकर शहर को खोखला करने का काम किया है। भावी पीढ़ी को बचाने इन अवैध कारोबारियों को चिन्हित करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्व नगर की युवा पीढ़ी को नशे और जुए



की लत में धकेलकर उनके भविष्य को अंधकारमय बना रहे हैं। इनके दुष्प्रभाव से अनेक परिवार सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से तबाह हो रहे हैं। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती नहीं, बल्कि समाज के नैतिक मूल्यों और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर गंभीर संकट है। खेदजनक है कि इन अवैध गतिविधियों को कुछ व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त होने की चर्चाएँ आम हैं। जिसके कारण स्थानीय स्तर पर ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। अतः आपसे निवेदन है कि महासमुंद नगर में इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए तथा ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। नागरिक आज आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि शासन इस गंभीर सामाजिक बुराई के विरुद्ध "जीरो टॉलरेंस" नीति अपनाते हुए निर्णायक कदम उठाएंगे, ताकि हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल रह सके।



### जय दुर्गा लीला मंडली ने किया बाल कलाकारों का सम्मान

**महासमुंद।** शरद पूर्णिमा पर ग्राम बम्हनी में आयोजित रामायण पाठ के दौरान जय दुर्गा लीला मंडली ने एक सराहनीय पहल की। मंडली के सदस्यों ने रामलीला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बाल्य कलाकारों को सम्मानित किया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें बाल कलाकारों को पुरस्कार भेंट किए गए। मंडली ने कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना उनकी जिम्मेदारी है। ताकि, वे अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहें। इस पहल की ग्राम के सभी लोगों ने सराहना की और इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायक बताया।

# एनएचएम कर्मचारियों ने की दिवाली से पूर्व वेतन वृद्धि एवं बोनस आदेश जारी करने की मांग

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने दिवाली से पहले लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि में से घोषित 5 प्रतिशत वृद्धि तथा वार्षिक कार्यमूल्यांकन सीआर के आधार पर मिलने वाले 5 प्रतिशत बोनस की राशि का आदेश तत्काल जारी करने की मांग की है। साथ ही हड़ताल के दौरान बर्खास्त किए गए 25 कर्मचारियों की पुनर्बहाली की भी अपील की गई है।

विदित हो कि 18 अगस्त से 19 सितंबर तक एनएचएम कर्मचारियों ने लगभग 33 दिनों तक नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड पे निर्धारण एवं लंबित वेतन वृद्धि जैसी प्रमुख मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया था। इस आंदोलन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कई बिंदुओं पर सहमति जताई गई थी, जिनमें शामिल हैं। इसमें लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि में से 5 प्रतिशत वृद्धि का आदेश शीघ्र जारी करना, सीआर प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, 30 दिन संवैतनिक चिकित्सा अवकाश प्रदान करना, लाख की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।

संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि इन सहमत मांगों पर दिवाली से पूर्व आदेश जारी किए जाएं। ताकि, कर्मचारी आर्थिक रूप से राहत पा सकें और त्योहार को प्रसन्नता एवं सम्मानपूर्वक मना सकें। साथ ही संघ ने यह भी जानकारी दी कि ग्रेड पे निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति एवं नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण निर्धारित हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो तीन माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। नियमितीकरण एवं संविलियन संबंधी विषय पर राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु पत्र भेजा गया है। संघ ने यह भी कहा कि 33 दिनों तक चली हड़ताल के दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई थीं, किंतु अब सभी कर्मचारी पुनः कार्य पर लौट चुके हैं और सरकार से अपेक्षा कर रहे हैं कि वह अपने वादों पर शीघ्र अमल करे। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पुरन दास ने कहा कि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। सरकार से अनुरोध है कि जिन मांगों पर सहमति बनी है, उन पर दिवाली से पहले आदेश जारी किए जाएं, ताकि, एनएचएम परिवार भी इस पर्व को खुशहाली और सम्मान के साथ मना सके तथा किसी भी परिवार पर आर्थिक संकट न आए। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष महासमुंद राम गोपाल खूंटे ने दी है।



### महाविद्यालय में नैक पर आधारित बैठक का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नैक (एनएएसी) पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के संरक्षण और मार्गदर्शन में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. मालती तिवारी और नैक समिति के संयोजक डॉ. नीलम अग्रवाल ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।बैठक में आगामी 13 और 14 अक्टूबर को आईक्यूएसी की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, विभागों द्वारा वैल्यू एडिशन कोर्स करवाने के लिए सहमति ली गई, जिनमें वाणिज्य, विज्ञान और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग शामिल हैं। डॉ. नीलम अग्रवाल ने नैक असेसमेंट में हुए बदलाव और नवीन दस एंट्रीब्यूट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मालती तिवारी ने नैक के उद्देश्यों को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए सुझाव दिए और प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. दुबे ने सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया और आगामी वर्षों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए। इस बैठक का उद्देश्य महाविद्यालय की गुणवत्ता और शिक्षा के स्तर में सुधार करना था। सह समन्वयक आशुतोष पुरी गोस्वामी ने आभार प्रस्तुत किया। बैठक महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रीता पांडे, डॉ ई पी चेलक, डॉ आरके अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारती, मनीराम धीवर, डॉ अजय कुमार देवांगन, प्रोफेसर राजेश्वरी सोनी, प्रोफेसर प्रदीप कनहर, प्रोफेसर सरस्वती सेठ, दिलीप लहरे, डॉ जगदीश सत्यम, प्रोफेसर प्रियंका सोनवानी, कुंदन देवांगन उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य बिंदु स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में अध्ययन अध्यापन कार्य का किस प्रकार से डॉक्यूमेंटेशन, डेली डायरी भरने संबंधित रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समिति के संयोजक डॉ. ईपी चेलक संयोजक एनईपी प्रकोष्ठ ने बताया कि स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में शासन के आदेशानुसार हमें अपने अध्ययन अध्यापन कार्य को संचालित कर हमारे द्वारा किए गए अध्यापन कार्य जिसमें अपने कितने घंटे किस कक्षा को पढ़ाए, किस विषय को पढ़ाए उसको विस्तृत जानकारी आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त दस्तावेजों में भरकर जमा करना है उसकी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि हमें अपना व्यक्तिगत जानकारी, हमारे द्वारा विभिन्न प्रकार



के लिए हुए छुट्टियों की जानकारी, शासन द्वारा प्राप्त अकादमिक कैलेंडर के अनुसार कार्य संपादन आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक, असाइनमेंट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यापन कार्य का समय सारणी बनाकर उसी के अनुसार अध्ययन अध्यापन कार्य संपादित करने को कहा गया। करुणा दुबे ने सभी को शासन से प्राप्त आदेशों का पालन करने को कहा गया। साथ ही सभी अपने अपने अध्यापन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करें। सभी कक्षाएं समय पर संचालित हो ये हम सब की जिम्मेदारी होती है। हमें निर्धारित पाठ्यक्रम को समय के साथ अध्यापन कार्य पूर्ण करें।

बैठक में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर, राजेश्वरी सोनी, प्रियंका सोनवानी, आशुतोषपुरी गोस्वामी, सरस्वती सेठ, मनबोध चौहान, केशरचंद बनपाल, मनीषा प्रधान, अतिथि व्याख्याता डॉ जीवनलाल चंद्राकर, डॉ गरिमा दीवान, डॉ. जागृति चंद्राकर, परवीन नजीब, नम्रता तंबोली, विजय कुमार मिर्चे, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, कलमरेखा, प्रकाशमणि साहू, कल्याणी साहू, अंकिता साहू, किरण साहू आदि मौजूद रहे।

### खट्टी के प्राथमिक शाला में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रभारी के रूप में प्रधान पाठक राधिका साहू, सरपंच ग्राम पंचायत खट्टी अनिता मेहरा, उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, सेवानिवृत शिक्षक सोना लाल, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, समिति के सदस्य सुभाष शर्मा, संजय सेन, रामकुमार पटेल, प्रमेंद्र देवांगन, पंच संतोषी, आस्था साहू, रामभरोसा साहू, श्रीकांत शर्मा, आनंद निषाद, शकुंतला निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे। उपस्थित टीम द्वारा शाला के बच्चों से प्रपत्र में दिए गए सवालों को बारी-बारी से पूछकर उनके स्तर की परख की गई। इस अवसर पर सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान से शिक्षा की व्यवस्था में अमूल चूक बदलाव देखने को मिलेगा। सरपंच ने कहा कि सरकारी स्कूल की दिशा और दशा में सुधार लाने का यह बेहतर प्रयास है, इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री की जितनी भी तारीफ करे वह कम है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक अशोक साहू ने सामाजिक अंकेक्षण के विषय पर विस्तार के साथ जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। इस अभियान से सही मायने में स्कूल के बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार आएगा। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी इजाफा होगा। आज गांव के पालक अपने बच्चों के सीखने के स्तर को नजदीक से देख रहे है, इससे बच्चों में सीखने की ललक बढ़ेगी। इस अवसर पर पालकों ने बच्चो से विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से गणित के सवाल पढ़ने के स्तर एवं सुनकर लिखने के लिए लेखन अभ्यास भी कराया गया। शाला के बच्चों के सीखने का स्तर बेहतर पाया गया। पालक समिति द्वारा मध्यान्ह भोजन का भी अवलोकन किया गया शाला में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता युक्त पाया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला के शिक्षक सिराज बक्श, सुचिता लकरा, सुनीता ध्रुव, संगीता धुरंधर, देवकुमारी ध्रुव, अभिषेक सालोमन, उमाशंकर चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



# लाफिनकला में शरद पूर्णिमा पर हुआ भजन संध्या का आयोजन, बंटा खीर का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को ग्राम लाफिनकला के महामाई चौक में शरद पूर्णिमा मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम की महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या के साथ ही रामचरित मानसगान भी किया गया। जिसमें ग्राम के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार जगदीश साहू, शिक्षक गोवर्धन साहू, लीला मंडली के मैनेजर



जनक राम साहू ने भी अनेक भजन प्रस्तुत किए। कुमारी साहू, गीतेश्वरी साहू, थनवारिन साहू और कुंती साहू ने भजन गाकर समा बांधा। वहीं लता साहू, प्रमिला निषाद, सेवती निषाद, अनिता निषाद, धनमत साहू ने सहयोगी गायन व कोरस की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन में खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पुरानिक साहू, विजय साहू, हिरदे साहू, गोविंद साहू, हेमलाल पटेल, छगन पटेल, मोहन पटेल, मोहन निषाद, भोजराम साहू, योगेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, दीपेश साहू, छबिराम साहू, तुकाराम साहू, समारू विश्वकर्मा, भूपेंद्र पटेल, कमलेश्वरी निषाद, तुलसी साहू, नंदनी साहू, लिलेश्वरी साहू, जामुन साहू, तामेश्वरी साहू, तेजस्वी साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर विनय कुमार ने जनदर्शन में सुनी आम जनों की समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल मंव जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम अछोला निवासी मोतीराम ने खरीफ फसल वर्ष 2025-26 में धान बिक्री के लिए पंजीयन के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह नगर पंचायत तुमगांव निवासी विजय कुमार साहू ने अवैध निर्माण पर कार्यवाही के लिए, ग्राम सांकरा पिथौरा निवासी आबिद ख़ान ने अवैध रूप से संचालित अहाता के संबंध में, ग्राम पंचायत चुहरी में मोबाईल टावर लगाने हेतु आवेदन किया। इसी तरह ग्राम मोहदा पिथौरा के ग्रामवासियों ने स्वसहायता समूह के भवन को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तित्वों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु, ग्राम पचेड़ा बागबाहरा निवासी जोधन निषाद द्वारा वृद्ध पेंशन के लिए, ग्राम तमोरा बागबाहरा निवासी राम आसरा ने किसान सम्मान निधि की राशि के लिए आवेदन किए। कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# भजपुरी के जंगल में अतिक्रमण की नीयत से सैकड़ों पेड़ों की कटाई, 2 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भजपुरी के जंगल कक्ष क्रमांक 265 में जमकर पौधों की कटाई की गई है। ग्रामीणों ने जंगल काटकर उसे अतिक्रमण दर्शाने का प्रयास किया है। ताकि, भविष्य में वन अधिकार पट्टा हासिल कर सकें। पट्टे के लालच में हजारों पेड़ कट चुके हैं।

वर्ष 2019-20 में इस गांव के तत्कालीन सरपंच खिरमोती के ससुर शत्रुघन साहू समेत 44 लोगों के खिलाफ वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की थी। हालांकि, ग्रामीणों द्वारा अब भी लगातार कटाई जारी है। मंगलवार को प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में मंजीत रात्रे पिता कार्तिक रात्रे और साधराम पिता धनसाय निषाद के खिलाफ कार्रवाई की गई। दोनों व्यक्तियों पर जंगल के कई पेड़ काटने का आरोप है। यह कार्रवाई ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर की गई। मिली जानकारी अनुसार पूर्व में इस गाँव 44 लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद अब यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। भजपुरी के इस जंगल में हजारों पेड़ काटकर खेत तैयार किए जा चुके हैं और जंगलों में धान की खेती भी की जा रही है। इन खेतों में कई बहुमूल्य प्रजाति के सागौन के पेड़ भी लगे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो सागौन के पेड़ भी जल्द ही कट जाएंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में इस जंगल को सामुदायिक वन संसाधन के रूप में ग्राम पंचायत बिजेमाल को सौंपा गया था।



## धान खरीदी घोटाला : किसानों सहित सरपंचों का आक्रोश, हुई कार्रवाई

# घोटाले में दोषियों से राशि वसूल करने और एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख

- सागुनढाप धान खरीदी घोटाला : हरिभूमि की खबर के बाद बड़ी कार्रवाई, प्राधिकृत अधिकारी पद से हटाए गए


सहकारी समिति मर्यादित सागुनढाप में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान हुए बड़े पैमाने पर अनियमितता मामले में हरिभूमि समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां पदस्थ प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई को पद से पृथक कर दिया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, इस समिति में 1514.40 क्विंटल धान की बोगस खरीदी कि गई थी। इस पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से किए गए प्रकाशन के बाद हुआ। और उपायुक्त द्वारिका नाथ ने छानबीन समिति के अनुशंसा के बाद प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई को तत्काल पद से हटा दिया है। गौरतलब है कि प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई, धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव और कंप्यूटर ऑपरेटर के मिलीभगत से उन किसानों के नाम पर धान खरीदी दिखाई गई जिनके पास बेचने के लिए धान था ही नहीं। मंडी में वास्तविक रूप से धान आने के बिना ही किसानों के नाम पर खरीदी दर्ज की गई और जब राशि उनके खातों में पहुंची, तो प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई ने आरटीजीएस के माध्यम से वह राशि अपने निजी खाते में स्थानांतरित करवा ली।

इस तरह सुनियोजित तरीके से करीब 1540.40 क्विंटल धान, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 44 लाख 94 हजार रुपये है, का भ्रष्टाचार किया गया। किसानों का कहना है कि मथामणी बढ़ाई भारतीय जनता पार्टी का नेता और वर्तमान में जनपद पंचायत सदस्य भी है। उसके द्वारा किए गए इस घोटाले ने सरकार को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। घोटाले की जानकारी मिलने पर किसानों ने समिति में बैठक कर कलेक्टर और उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं से जांच की मांग की थी। जांच में देरी होने पर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर चक्काजाम की चेतावनी भी दी थी। बढ़ते दबाव के बीच प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राधिकृत अधिकारी को पद से हटा दिया है। वहीं, इस मामले में धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव और कंप्यूटर ऑपरेटर टिकेश्वर साहू और धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि उनके द्वारा यह कार्य स्वेच्छा से नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई ने अपने पद का दबाव बनाकर उनसे यह काम करवाया। तीनों कर्मचारियों ने कहा कि प्राधिकृत के निर्देश और दबाव में आकर ही बोगस खरीदी की एंट्री की गई थी। अब वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं ताकि वास्तविक सच सामने आ सके।

वहीं, ग्राम धान खरीदी केंद्र सागुनढाप के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छुवालीपतेरा, सागुनढाप, पिपरौद, माटीदरहा और बगारदरहा के सरपंचों ने संयुक्त रूप से उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं को ज्ञापन सौंपा है। सरपंचों ने ज्ञापन में मांग की है कि प्राधिकृत अधिकारी मथामणी बढ़ाई और धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव द्वारा की गई गड़बड़ी और गबन की राशि की तत्काल वसूली की जाए।



### हरिभूमि ने किया खुलासा, तब हुई कार्रवाई

किसान बोधन प्रधान, तुलाराम भोई, रोहित कुमार, उत्तम जमीदार, रसिक प्रधान, सत्यवान साहू का कहना है कि यदि हरिभूमि समाचार पत्र ने इस मामले को उजागर नहीं किया होता, तो यह भ्रष्टाचार दबा रह जाता और लाखों रुपये की सरकारी राशि गबन हो जाती। अब किसानों की मांग है कि केवल पद से हटाने की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषियों पर आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अधिकारी तथा कर्मचारी इस तरह की हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।

### निगरानी टीम केवल कागजों तक सीमित, प्रतिवर्ष होती है गड़बड़ी

पिथौरा विकासखंड अंतर्गत सांकरा और पिरदा क्षेत्रों की धान मंडियों में प्रतिवर्ष भारी अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। यहां किसानों के नाम पर बोगस धान खरीदी कर लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया जाता है। फर्जी पंजीयन, वजन में हेराफेरी और कालाबाजारी के माध्यम से समिति के कुछ पदाधिकारी व दलाल मिलकर सरकारी राशि का दुरुपयोग करते हैं। वहीं इनके मिलीभगत से रबी फसल के धान की भी खरीदी जमकर की जाती है, जबकि नियमों के अनुसार खरीफ सीजन की धान खरीदी ही वैध होती है। धान खरीदी के दौरान प्रशासन द्वारा निगरानी दल और भौतिक सत्यापन टीम का गठन किया जाता है, किंतु यह टीम केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। मौके पर जांच न होने से फर्जीवाड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

## शहर में सार्वजनिक काली पूजा 20 से, समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- काली पूजा, दर्शनार्थ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विसर्जन कार्यकम

स्थानीय बंग भवन में बंग समिति महासमुंद के तत्वावधान में सार्वजनिक काली पूजा समिति की बैठक विजय पाल एवं डॉ. विजय विश्वास की अध्यक्षता में हुई।

सार्वजनिक काली पूजा उत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिटी स्पोर्ट्स क्लब महासमुंद में होगी। सार्वजनिक काली पूजा तीन दिवसीय होगी। 20 अक्टूबर को काली पूजा, 21 अक्टूबर को दर्शनार्थ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 22 अक्टूबर विसर्जन कार्यक्रम होगा। महासमुंदवासियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से आयोजन का 35वां वर्ष है। काली पूजा उत्सव के सफल संयोजन के लिए सार्वजनिक काली पूजा समिति का गठन किया गया है। इसमें संरक्षक निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, डा. एचएस गुरुदत्ता, जसबीर मक्कड़, शुभ वर्मा, अध्यक्ष संदीप घोष, उपाध्यक्ष पंकज घोष, विशाल दास, सुभाष बोस, राजा मोहतो, अभिजीत बोस, सन्नी घोष, सचिव आशीष बोस, कोषाध्यक्ष मत्युंजन बोस, संचालक मंडल विजय पाल, अजय विश्वास, डॉ.विजय विश्वास, बरूण दास, समीर समददार, समीर चौधरी, संजय घोष, शिवा बेनजी, नितेंद्र बेनर्जी, राहुल चौधरी, पाल ज्योतिष चौधरी, सलील चौधरी, महेश पाल, सुबीर, प्रमुख सलाहकार मनोहर पींचा, जय चोपडा, राजेश लूनिया. अमृत शर्मा, हेमंत इराबक, सुरेश नसीने, हलघर चंद्राकर, डॉ. शेषनारायण गुप्ता, महामंत्री तापस मिस्त्री, विमल मिरघा, गिरीश बोस, डॉ. हिंगेन बागची, अचिंतो बेनर्जी, विश्वनाथ राय. निर्मल विश्वास, लक्ष्मण खान, रोबिन समद्दार, दीपांशु घोष, अभिषेक घोष, प्रियांशु विश्वास, जयस विश्वास शामिल है।



### कलेक्टर ने की विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा, कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, विभागवार लंबित मामलों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने 12 एवं 13 अक्टूबर को होने वाले कलेक्टर कांफ्रेंस की तैयारी के संबंध में विभागों से प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में अनिवार्य रूप से प्रविष्टि करें। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने गढ़फुलझर, खल्लारी एवं दुर्गापाली में किए गए घोषणाओं के अनुरूप कार्यां में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-ऑफिस के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह मूव किए गए फाइलों की स्थिति अपडेट की जाए तथा ई-ऑफिस के अंतर्गत ही पत्राचार व्यवहार में लाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 14 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें एग्रीस्टैक पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा मैनुअल गिरदावरी की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा कर पठन कराया जाए। यदि कोई दावा-आपत्ति मिलती है तो उसका पुनः पीवीआर ऐप से सत्यापन कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शेष आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवास का कार्य प्रतिदिन प्रगतिरत रहें। कलेक्टर ने जनमन की समीक्षा में पूर्ण सिच्युएशन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संकुल स्तर पर आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिता के लिए मैदान की आवश्यक तैयारी एवं खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही राज्य शालेय प्रतियोगिता के लिए मैदान में एंबुलेंस की व्यवस्था एवं आवास में शौचालयों की नियमित सफाई की व्यवस्था करें। साथ ही बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।




### शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के माध्यम से अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं ग्राम समुदाय को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ा गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, सीखने के स्तर, शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग तथा विद्यालय वातावरण का सामूहिक मूल्यांकन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से समुदाय ने विद्यालय की प्रगति और सुधार के सुझाव भी प्रस्तुत किए एवं मुस्कान पुस्तकाल व स्मार्ट शाला का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में टीम प्रमुख गायत्री ठाकुर, शिव यादव वार्ड पार्षद, एसएमसी अध्यक्ष विमला बांधे, कुसमा कुर्रे, ममता विश्वकर्मा,गुंजा खूंटे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, बलराम नेताम, पालकगण शकुंतला पटेल, राजवंतीन पटेल, रेवती पटेल, लुकेश्वरी धीवर, भागबती यादव, चमारीन यादव, ग्राम प्रतिनिधि एवं विद्यार्थीगण उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे और हर बच्चे को सीखने के समान अवसर मिलेंगे।

# अरंड में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र में लगातार हो रहे भारी बारिश से किसानों के चेहरे अब मुरझाने लगे है। अर्ली वेरायटी के धान पक चुके है। लेकिन, बारिश के चलते जमीन गीली होने के कारण कटाई नहीं हो पा रही है। और फसल गिर कर सड़ रहे हैं। यह पहली बार है जब बारिश की वजह से कई गावों में विजयादशमी के दिन रावण अधजला रह गया तो कहीं रावण वध का कार्यक्रम ही स्थगित करना पड़ा।

कौतुक पटेल ने बताया कि अरंड में भी दशहरा पर्व मनाया गया। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक मेघनाथ, कुंभकर्ण वध कर रावण का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर राम लीला मंडली के मैनेजर शिवचरण ध्रुव, हुसन निर्मलकर, कन्हैया ध्रुव, मन्नू लाल ध्रुव, रामावतार ध्रुव, शोभा राम ध्रुव, तिरिथ साहू, शंकर भोई आदि का योगदान रहा। इसी तरह गांव में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी सोलह कला से परिपूर्ण होती है। शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की किरणें अमृततुलय मानी जाती है। इसीलिए क्वांर माह के इस पूर्णिमा को रात्रि में खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखा जाता है और प्रातः उसे प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। जिसे स्वस्थ और समृद्धि कारक माना जाता है। शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में गंगाधर निर्मलकर, कौतुक पटेल, कार्तिक राम पटेल, शिव चरण ध्रुव, दिगंबर पटेल सरपंच, देवराज ठाकुर, राम चरण, शोभाराम ध्रुव, उमाराम देवांगन, अमृतलाल, काशी राम, प्रीतम पटेल का योगदान रहा।



## मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संगठन सशक्तिकरण का दिया संदेश

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू के निर्देशानुसार बसना मंडल के अंतर्गत ग्राम रसोड़ा (बूथ क्रमांक 148) में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पांच पौधों का रोपण किया गया, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसना भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और समर्पण की परंपरा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने अपने वक्तव्य में केंद्र व राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख किया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं जन धन योजना, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ, महतारी वंदन योजना, सरस्वती सायकल योजना, चरण पादुका योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना एवं मुख्यमंत्री सशक्त महिला योजना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास, विश्वास और आत्मनिर्भरता की नई दिशा मिल रही है। नरेंद्र यादव ने अपने ओजस्वी नेतृत्व, सरल स्वभाव और संगठन के प्रति समर्पण से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है, हर कार्यकर्ता उसका अभिन्न हिस्सा है।

कार्यक्रम में देवेंद्र भोई, नवीन साहू, प्रताप साहू, दयासिंधु साहू, वत्स साहू,जयकृष्ण भोई, महादेव भोई, दिनेश भोई, सुरेश साहू, आशीष साहू, रोहित साहू, सूर्य भोई, पवित्रा, विनोदिनी एवं रविवारी बरिहा आदि मौजूद रहे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण व संगठन सशक्तिकरण का संकल्प लिया।



डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411